Title: Reg: Establishment of Indian Institute of Management in Gorakhpur district, Uttar Pradesh.

श्री रवि किशन (गोरखपुर) : मैं सरकार को सादर अवगत कराना चाहता हूं कि देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन इकोनामी से आगे ले जाने एवं भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने हेतु भौगोलिक दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहे गोरखपुर महानगर/जनपद में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक व्यवसायिक क्षेत्र एवं शिक्षा क्षेत्र में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित करना नितांत आवश्यक एवं समय की मांग है।

गोरखपुर महानगर जनपद शिक्षा अध्ययन की दृष्टि से एक लंबे क्षेत्र (पूर्वांचल का गोरखपुर/बस्ती/आजमगढ़ मंडल एवं बिहार का सीमावर्ती क्षेत्र) एवं सघन जनसंख्या को कवर करता है लेकिन एक बहुत बड़े क्षेत्रफल एवं जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाला गोरखपुर इससे अछूता है जबकि देश के विभिन्न 20 स्थानों पर भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित हो गए हैं।

भारतीय प्रबंधन संस्थान को गोरखपुर में स्थापित करने हेतु पूर्वांचल की जनता, जनप्रतिनिधि एवं विद्युत जनों और व्यवसायियों द्वारा मांग की जाती रही है।

अतः मेरी मांग है कि गोरखपुर महानगर/जनपद में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने के संबंध में सहमति प्रदान कर के प्रस्ताव का डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के संदर्भ में शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करने के साथ-साथ संबंधित दिशा निर्देश पारित करने की महती कृपा करें।